(HINDI)

(Second Language)

(Three Hours)

Answers to this paper must be written on the paper provided separately.

You will not be allowed to write during the first 15 minutes.

This time is to be spent in reading the question paper.

The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.

This paper comprises of two Sections—Section A and Section B

Attempt all the questions from Section A.

Attempt any four questions from Section B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.

The intended marks for questions or part of questions are given in brackets [ ].

## SECTION A (40 Marks)

**Attempt all questions**

**Question 1**

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics:-[15]

निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए -

i. मानव जीवन में मित्रों का महत्व।

ii. इंटरनेट, वर्तमान समय में जीवन का एक आवश्यक अंग बन गया है ।

iii. विज्ञापन की दुनिया हमारे जीवन को किस प्रकार प्रभावित करती है ? विषय पर निबंध

iv. '**खोदा पहाड़ , निकली चुहिया**' उक्ति पर एक मौलिक कहानी लिखिए ।

v. नीचे दिये गए चित्र के आधार पर कोई लेख,घटना या कहानी लिखिए,जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए –

**Question 2**

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below: - [7]

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए :-

प्र. i. आप अपने मित्रों के साथ किसी पर्वतीय क्षेत्र की यात्रा के लिए गए थे । वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन करते हुए अपनी माता जी को पत्र लिखिए ।

प्र.ii. ग्रीष्म ऋतु में बार – बार जाने वाली बिजली से होने वाली कठिनाइयों का वर्णन करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी को एक शिकायती पत्र लिखिए ।

**Question 3**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें तथा नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथा संभव आपके अपने शब्दों में होना चाहिए ।( 2x5 = 10)

महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर "आज़ाद" का जन्म 23 जुलाई 1906 को श्रीमती जगरानी देवी व पण्डित सीताराम तिवारी के यहाँ भाबरा (झाबुआ मध्य प्रदेश) में हुआ था।वे पण्डित रामप्रसाद "बिस्मिल" की हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसियेशन (HRA) में थे और उनकी मृत्यु के बाद नवनिर्मित हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी/ऐसोसियेशन (HSRA) के प्रमुख चुने गये थे।मात्र 14 वर्ष की आयु में अपनी जीविका के लिये नौकरी आरम्भ करने वाले आज़ाद ने 15 वर्ष की आयु में काशी जाकर शिक्षा फिर आरम्भ की और लगभग तभी सब कुछ त्यागकर गांधी जी के असहयोग आन्दोलन में भाग लिया।

1921 में मात्र तेरह साल की उम्र में उन्हें संस्कृत कॉलेज के बाहर धरना देते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने उन्हें ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। जब मजिस्ट्रेट ने उनका नाम पूछा, उन्होंने जवाब दिया- आजाद। मजिस्ट्रेट ने पिता का नाम पूछा, उन्होंने जवाब दिया- स्वाधीनता। मजिस्ट्रेट ने तीसरी बार घर का पता पूछा, उन्होंने जवाब दिया- जेल।

उनके जवाब सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने उन्हें पन्द्रह कोड़े लगाने की सजा दी। हर बार जब उनकी पीठ पर कोड़ा लगाया जाता वे महात्मा गांधी की जय बोलते। थोड़ी ही देर में उनकी पूरी पीठ लहू-लूहान हो गई। उस दिन से उनके नाम के साथ 'आजाद' जुड़ गया।

i. चंद्रशेखर आज़ाद का जन्म कहाँ हुआ था ? इनके माता पिता का नाम ?
ii. चंद्र शेखर ने कहाँ शिक्षा ग्रहण की और किस आंदोलन में भाग लिया ?
iii.मजिस्ट्रेट ने आज़ाद को क्यों दंड दिया और चंद्र शेखर ने क्या उत्तर दिया ?
iv.चंद्र शेखर के नाम के साथ आज़ाद क्यों जुड़ गया ? स्पष्ट कीजिये ?
v. आप भारत के स्वाधीनता संग्राम के अन्य क्रांतिकारियों के बारे में लिखे ,साथ ही आपको वे क्यों अच्छे लगते हैं ,लिखे ?

**Question 4**

निम्नलिखित शब्दों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- (1x8=8)

i. 'सगुण' शब्द का विलोम है –

a. निर्गुण
b. अवगुण
c. अगुण
d. निर्दोष

ii. निम्नलिखित में से 'उन्नति' शब्द का पर्यायवाची हैं ?

a. प्रभा ,विभा ,आभा
b. अभिलाषा ,मनोरथ ,कामना
c. प्रगति , अभ्युदय ,उत्कर्ष
d. निपुण ,दक्ष ,चतुर

iii. 'जिसमें कोई विकार न हो ।" वाक्यांश के लिए उचित शब्द है –

a. निर्गुण
b. सगुण
c. निर्विकार
d. अवगुण

iv. 'ईश्वर' की भाववाचक संज्ञा है –

a. ईश्वर
b. ईश्वरीय
c. ईश्वरत्व
d. ईशु

v. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ बताइये –

'ईद का चाँद होना'

a. बहुत सुंदर होना
b. आना – जाना
c. बहुत बड़ा होना
d. गायब हो जाना

vi. 'आओ , यहाँ बैठा जा सकता है ।' इस वाक्य का वाच्य लिखिए –

a. कर्मवाच्य
b. कर्तृवाच्य
c. भाववाच्य
d. करणवाच्य

vi. 'आओ , यहाँ बैठा जा सकता है ।' इस वाक्य का वाच्य लिखिए –

a. कर्मवाच्य

b. कर्तृवाच्य

c. भाववाच्य

d. करणवाच्य

vii. 'अंतर' शब्द का विशेषण है –

a. अंतरा

b. आंतरिक

c. अंतरात्मा

d. अंतरमयी

viii. 'राजा का सेवक बहुत बुद्धिमान है' – वाक्य का स्त्रीलिंग रूप है –

a. रानी की सेवक बहुत बुद्धिमान है

b. राजा की सेविका बहुत बुद्धिमान है

c. रानी की सेविका बहुत बुद्धिमान है

d. रानी की सेविका बहुत बुद्धिमती है

## SECTION B (40 Marks)

## साहित्य सागर – संक्षिप्त कहानियाँ

## ( Sahitya Sagar – Short Stories )

**Question 5**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए –**

**"पर एक और अपराध करने का साहस वह न जुटा पाया । उसकी आँखें खुल गयी थी ।"**

**बात अठन्नी की - सुदर्शन**

i. रसीला ने क्या अपराध किया था ? उसका मुकदमा किसके सामने पेश हुआ ?(2)

ii. रसीला सजा से बचने के लिए क्या बहाना बना सकता था ?(2)

iii. रसीला ने सच क्यों बोला ?(3)

iv. रसीला को क्या सजा हुई ? फैसला सुन रमजान क्यों नाराज़ हुआ ?(3)

**Question 6**

**'पत्नी की मृत्यु के बाद विशेश्वर अन्यमनस्क रहा करते थे । अच्छा मँगा दूँगा ,कहकर वे उदास भाव से कहीं और चले गए ।**
**'**

**काकी - सियारामशरण गुप्त**

i. श्यामू ने किससे क्या मंगाने को कहा और क्यों ?(2)
ii. विशेश्वर ने श्यामू की इच्छा क्यों पूरी नहीं की ?(2)
iii. श्यामू ने इच्छा पूर्ति हेतु क्या किया ?(3)
iv. श्यामू ने भोला को चवन्नी क्यों दी ?(3)

**Question 7**

**'जैसे ही वे आँखों से ओझल हुए उसने पूछा ," सच - सच बता रुनी , ये प्यारे - प्यारे बच्चे किसके हैं ?'**

**दो कलाकार - मन्नू भण्डारी**

i. रुनी कौन है ? वह चित्रा से कहा मिली ?(2)
ii. चित्रा अवाक क्यों रह गयी ?(2)
iii. किस तस्वीर को देखना बच्चों के लिए असह्य था और क्यों ?(3)
iv. चित्रा की आँखें विस्मय से क्यों फैल गयी ?(3)

## साहित्य सागर - पद्य भाग

## ( Sahitya Sagar-Poems )

**Question 8**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-**

**'सात समंद की मसि करों , लेखनि सब बनराय ।**
**सब धरती कागद कारो , हरि गुन लिखा न जाय ।'**

**साखी - कबीरदास**

i. इस साखि के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?(2)
ii. हरि के गुणों के बारे में कबीरदास जी ने क्या कहा है ?(2)
iii. कबीर के भाषा की विशेषता बताइये । (3)
iv. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए - (3)
समंद , मसि , लेखनि ,वनराय ।

**Question 9**

**जब तक मनुज - मनुज का यह**
**सुख भाग नहीं सम होगा**
**शमित न होगा कोलाहल**
**संघर्ष नहीं कम होगा**
**उसे भूल वह फँसा परस्पर**
**ही शंकरा में भय में**
**लगा हुआ केवल अपने में**
**और भोग - संचय में**

**स्वर्ग बना सकते हैं - रामधारी सिंह दिनकर**

i. जब तक मनुज - मनुज का यह सुख भाग नहीं सम होगा' से कवि का क्या अभिप्राय है ?(2)
ii. संघर्ष व कोलाहल के कम करने को क्या उपाय बताए हैं ?(2)
iii. आज के मनुष्य की किस दुष्प्रवृति की ओर कवि ने क्या संकेत किया है ?(3)
iv. वर्तमान में मनुष्य क्या भूल गया है और क्यों ?(3)

**Question 10**

**किन्तु यह हुआ अचानक ध्यान**
**दीन हूँ ,छोटी हूँ ,अज्ञान**
**मातृ मंदिर का दुर्गम मार्ग**
**तुम्ही बतला दो हे भगवान ।**

**मातृमंदिर की ओर - सुभद्राकुमारी चौहान**

i. कवियत्री को अपनी किन दुर्बलताओं का ध्यान आया ?(2)
ii. कवियत्री भगवान से क्या प्रार्थना करती हैं ?(2)
iii. कौन सा मार्ग बाधाओं से भरा है ? वे बाधाएँ क्या हैं ? (3)
iv. अंत में कवियत्री अपनी मदद की गुहार किससे करती हैं ? और क्यों ?(3)

## नया रास्ता - सुषमा अग्रवाल
## (NAYA RAASTA-SUSHMA AGARWAL)

**Question 11**

**आप मेरी चिंता न कीजिये पिता जी ! आप अपनी बेटी पर विश्वास रखिए । यह सदैव आपका मस्तक ऊँचा ही रखेगी ।**

i. पिताजी की किस बात पर मीनू ने चिंता न करने को कहा ?(2)
ii. मीनू की बात का पिताजी ने क्या उत्तर दिया ?(2)
iii. परीक्षाफल के आने के बाद मीनू की क्या इच्छा थी ?(3)
iv. मीनू ने पढ़ाई पूरी होने के बाद भी विवाह से क्यों इंकार कर दिया ?(3)

**Question 12**

**आशा को लगा कि शायद विवाह की बात दीदी को अच्छी नहीं लगी । तभी आशा ने अपनी बात का विषय बदला और मीनू से माँ ,पिताजी व रोहित की कुशल क्षेम पूछी।**

i. आशा ने मीनू से विवाह के बारे में क्या कहा ? (2)
ii. मीनू ने आशा को परिवार के बारे में क्या बताया ? (2)
iii. आशा कहा गयी और क्यों ? (3)
iv. घर में सन्नाटा क्यों छा गया ?(3)

**Question 13**

**रात में बिस्तर पर पड़े - पड़े मीनू यह सोचती रही कि न जाने हमारे देश मे ऐसे कितने अपंग लोग हैं । यदि प्रत्येक सम्पन्न व्यक्ति अपनी ज़िंदगी में किसी एक की सहायता कर उसे छोटा - सा काम करा दे तो हमारे देश में इस अपंगों की बेरोजगारी की समस्या दूर हो जाएगी ।**

i. मीनू ने किस अपंग को देखा ? वह अपंग कैसे हुआ था ? (2)
ii. उसकी हालत मीनू से क्यों नहीं देखी जा रही थी ? (2)
iii. मीनू ने उसकी सहायता कैसे की ? (3)
iv. देश से अपंगों की बेरोजगारी दूर करने का मीनू ने क्या उपाय बताया ? (3)

## एकांकी संचय
## (EKANKI SANCHAY)

**Question 14**

**ठहरों , प्रमोद ! मुझे और लज्जित न करो , मेरी चोट का इलाज बेटी की ससुराल वालों ने दूसरी चोट से कर दिया है ।**

**बहू की विदा - विनोद रस्तोगी**

i. प्रमोद कहाँ जा रहा था ? उसे किसने रोका ? (2)
ii. वक्ता लज्जित क्यों था ? (2)
iii. वक्ता की बेटी के ससुराल वालों ने कौन सी चोट पहुंचाई ? (3)
iv. अंत में वक्ता ने क्या निर्णय लिया ? (3)

**Question 15**

**मैंने भी जब दुर्ग से अग्नि वर्षा होती देखी तो मुझे कुछ आश्चर्य हुआ था और कुछ क्षणों के लिए सफ़ेद झड़ा फहराकर मैंने युद्ध रोक दिया ।**

***मातृभूमि का मान - हरीकृष्ण प्रेमी***

i. वक्ता के आश्चर्य चकित होने का क्या कारण था ? (2)
ii. वक्ता ने सफ़ेद झण्डा फहराकर युद्ध क्यों रोका ? (2)
iii. क्या वक्ता युद्ध समाप्त कर पाया ? नहीं तो क्यों ? (3)
iv. श्रोता ने किसे और क्यों धन्य कहा ? (3)

**Question 16**

**तुम राज्य करो , चित्तौड़ पर , मेवाड़ पर , सारे राजपूताने पर राज्य करो । पर कुँवर उदय सिंह को छोड़ दो । मैं उसे लेकर सन्यासिनी हो जाऊँगी । तीर्थों में वास करूंगी ।**

***दीपदान - रामकुमार वर्मा***

i. श्रोता कौन है ? वह वहाँ क्यों आया ? (2)

ii. उसने वक्ता को क्या लालच दिया और क्यों ? (2)

iii. वक्ता किसे छोड़ने को कहती हैं और क्यों ? (3)

iv. श्रोता के न मानने पर वक्ता ने क्या किया ? (3)